राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांक : 25.01.2018

आयोग द्वारा **वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2015** ऑन लाईन (कम्प्यूटर बेस्ड रिक्रूटमेन्ट टेस्ट) पद्धति से दिनांक 07.02.2018 से 10.02.2018 तक जयपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है।

उक्त ऑन लाईन प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेब–साईट के लिंक http://rpsc.rajasthan.gov.in/mocktest पर मॉक टेस्ट ट्रायल कर सकते हैं। उक्त परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र आयोग के **वेब पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड किये जा रहे हैं, जिन्हें दिनांक 30.01.2018 से उक्त वेबपोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) एवं जन्म दिनांक से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। **अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

सभी अभ्यर्थी अनिवार्य विषय एवं ऐच्छिक विषय हेतु प्रवेश–पत्र की अलग–अलग प्रतियां मय उपस्थिति पत्र के डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंवे ताकि अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषय का अलग–अलग उपस्थिति–पत्र अभ्यर्थी से प्राप्त किया जा सके।

साथ ही जिन अभ्यर्थियों के **एक से अधिक ऐच्छिक विषयों के यदि अलग–अलग रोल नम्बर से प्रवेश पत्र डाउनलोड हो रहे हैं** तो वे अभ्यर्थी परीक्षा उपरान्त जिस रोल नं. से **प्रश्न–पत्र प्रथम (GK) की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उस रोल नं. से आयोग को अवगत करावें,** ताकि एक से अधिक विषयों में **प्रश्न–पत्र प्रथम (GK)** से जोड़े जा सके।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव